हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 17 अंक : 06 देहरादून मंगलवार 31 मार्च 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह में पहुंचे सीएम धामी

**- उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से डॉ. जितेन ठाकुर हुए सम्मानित**

**- कई वरिष्ठ रचनाकारों को मिला "दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार"**

**- राज्य में स्थापित होंगे दो आधुनिक "साहित्य ग्राम"**

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह-2025 में उत्तराखंड के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान "उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से डॉ. जितेन ठाकुर को सम्मानित किया। इसके साथ मुख्यमंत्री ने डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, श्याम सिंह कुटौला, डॉ. प्रीतम सिंह, केसर सिंह राय एवं अताए साबिर अफजल मंगलौरी को "उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों एवं "युवा कलमकार प्रतियोगिता" के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने साहित्य नारी वंदन सम्मान के अंतर्गत प्रो. दिवा भट्ट, उत्कृष्ट बाल साहित्य




हेतु प्रो. दिनेश चमोला, उत्तराखंड मौलिक रचना पुरस्कार के अंतर्गत डॉ भूपेंद्र बिष्ट, डॉ सुधा जुगरान, शीशपाल गुसाई, उत्कृष्ट कुमाऊनी एवं गढ़वाली साहित्य हेतु श्रीमती तारा पाठक, हेमंत सिंह बिष्ट एवं गजेंद्र नौटियाल आदि को सम्मानित किया द्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उनके लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उन्हें प्रदेश के महान साहित्यकारों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि "उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से सम्मानित डॉ. जितेन ठाकुर न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे हिंदी साहित्य जगत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने के साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि "उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान" समारोह प्रदेश की साहित्यिक परंपरा, रचनात्मक चेतना और साहित्यकारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पावन भूमि सदियों से ज्ञान, संस्कृति और सृजन का केंद्र रही है, जहां हिमालय, गंगा और प्राकृतिक सौंदर्य ने अनेक लेखकों और कवियों को प्रेरित किया है। सुमित्रानंदन पंत, गौरा पंत "शिवानी", मोहन उप्रेती और शैलेश मटियानी जैसे साहित्यकारों ने इस धरा को गौरवान्वित किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और लेखक केवल शब्दों के निर्माता नहीं, बल्कि समाज के मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन और उत्तराखंड राज्य निर्माण में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा विभिन्न पुरस्कारों के माध्यम से साहित्यकारों को सम्मानित करने के साथ-साथ ग्रंथ प्रकाशन हेतु अनुदान भी प्रदान किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड को साहित्यिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य में दो "साहित्य ग्राम" स्थापित किए जा रहे हैं, जहां साहित्यकारों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है और साहित्यिक धरोहर को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रेरणा से राज्य सरकार भी उत्तराखंड की बिखरी साहित्यिक धरोहर को संकलित एवं संरक्षित करने के लिए प्रयासरत है।

## वाहन चेकिंग के दौरान हंगामा कर ई-चालान मशीन तोड़ी

देहरादून(संवाददाता)। पटेलनगर थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रही पुलिस टीम के साथ एक व्यक्ति ने जमकर हंगामा किया। आरोपी ने पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज और हाथापाई की। उसने दरोगा के हाथ से ई-चालान मशीन छीनकर सड़क पर पटक कर तोड़ दी। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों से उलझने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर पटेलनगर विनोद गुसाई ने बताया कि रविवार रात करीब 8:30 बजे मंडी चौक पर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। टीम में एसएसआई प्रमोद शाह, बाजार चौकी प्रभारी एसआई प्रवीण पुंडीर, कांस्टेबल जयपाल सिंह और कांस्टेबल कवि शर्मा मौजूद थे।

## कांग्रेस ने राजधानी की बिगड़ती कानून व्यवस्था को सुधारने की मांग उठाई

देहरादून(संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फायरिंग में रिटायर्ड ब्रिगेडियर की मौत के मामले में रोष जतायाहै। उन्होंने एसएसपी से मुलाकात कर राजधानी की बिगड़ती कानून व्यवस्था को सुधारने की मांग उठाई। सोमवार को पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लालचन्द शर्मा ने कहा कि देहरादून उत्तराखंड का प्रशासनिक, राजनीतिक एवं आर्थिक केंद्र है, लेकिन दून राजधानी आज गंभीर आपराधिक घटनाओं के कारण असुरक्षा के माहौल से गुजर रही है। राजपुर थाना क्षेत्र में रिटायर्ड ब्रिगेडियर की दिनदहाड़े हत्या, रायपुर थाना क्षेत्र में पीआरडी जवान की हवालात में संदिग्ध मृत्यु तथा नारी निकेतन में महिला संवासिनी की आत्महत्या जैसी घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं से आमजन में भय और असुरक्षा का वातावरण व्याप्त हो गया है तथा अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त होता दिखाई दे रहा है।कहा कि शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त (पेट्रोलिंग) को बढ़ाया जाए। काले शीशे लगी गाड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त चेकिंग की जाए। दून में प्रवेश करने वाले बाहरी राज्यों के वाहनों की बॉर्डर पर सघन जांच सुनिश्चित की जाए।ख प्रमुख चौराहों, सुनसान मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी की संख्या बढ़ाई जाए और उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए।बाहरी राज्यों के नंबर प्लेट वाली गाड़ियों की विशेष जांच की जाए। पुलिस हिरासत में होने वाली घटनाओं की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।खओवरटेक या रोड रेज जैसी घटनाओं को रोकने हेतु ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करवाया जाए और जागरूकता अभियान चलाया जाए। पूर्व विधायक राजकुमार ने भी देहरादून की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शहर में बढ़ता यातायात दबाव, अव्यवस्थित पार्किंग और नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।कहा कि प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम लागू किया जाए तथा अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार...

### मच्छरों के बीच धरने को मजबूर बेरोजगार नर्सिंग अधिकारी

देहरादून(संवाददाता)। प्रदेश में वर्षवार नर्सिंग भर्ती बहाली की मांग को लेकर नर्सिंग बेरोजगारों का आंदोलन सोमवार को 116वें दिन भी जारी रहा। गर्मी और मच्छरों के प्रकोप के बीच अभ्यर्थी धरना स्थल पर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण हजारों युवा ओवरएज होने की कगार पर हैं, जिससे उनका भविष्य दांव पर लगा है। सरकार से मांग है कि रिक्त पदों को आईपीएचएस मानकों के अनुरूप पुरानी वर्षवार प्रणाली से ही भरा जाए। चेतावनी दी कि जब तक ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक बेमियादी धरना जारी रहेगा। इस दौरान नवल पुंडीर, राजेंद्र कुकरेती, प्रवेश रावत और हंसी मेहरा आदि मौजूद रहे।

### एआई से और एडवांस होंगे सेमीकंडक्टर

देहरादून(संवाददाता)। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में सोमवार को अगली पीढ़ी के सेमीकंडक्टर मॉडलिंग में एआई टूल्स के उपयोग पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। सत्र को संबोधित करते हुए आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर डॉ सुदेब दासगुप्ता ने कहा कि एआई के दौर में तकनीक नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। नैनोमीटर के सूक्ष्म सेमीकंडक्टर डिवाइस एडवांस होते जा रहे हैं। जिसके लिए भौतिक विज्ञान की समझ जरूरी है। एआई टूल्स और स्मार्ट प्रक्रियाएं डिजाइन व निर्माण को बेहतर बनाती हैं। युवाओं को नवाचार के साथ ऐसी तकनीक विकसित करनी चाहिए, जो व्यावहारिक, प्रभावी और भविष्य को दिशा देने वाली हो। इस सत्र का आयोजन ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रॉनिक कम्यूनिकेशन डिपार्टमेंट और ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स ने संयुक्त रूप से किया।

# संपादकीय

**ईरान अमेरिका युद्ध से राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप मुश्किलों से घिरे, यूएस कांग्रेस में आ सकता है नॉनकॉनफिडेंस मोशन**

28 फरवरी को जब युद्ध शुरू हुआ था तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि ईरान इस स्तर का रिटेलियट करेगा । लेकिन युद्ध एक महीने बाद भी चल रहा है। इजरायल के कहने पर शुरू हुए इस युद्ध ने पूरी दुनिया को विशेषकर मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया को ऊर्जा जरूरतों की दृष्टि से संकट में डाल दिया है। यदिप ईरान भी बुरी तरह नष्ट हो रहा है। लेकिन यूएई, कुवैत, कतर, बहरीन, सऊदी अरब आदि देशों में भी यूएस बेस पर तथा शहरी आवादी, एरोड्रम पर बहुत नुक्सान हुआ है। लेकिन अब डॉनल्ड ट्रंप अपने घर पर राजनीत में उलझ गए हैं। डेमोक्रेटिक पूरे मामले को कांग्रेस में करना चाहते हैं और रिचर्ड निक्सन जैसा करना चाहते हैं क्योंकि वाटरगेट कांड 1972 के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था।उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, तुलसी गैबार्ड,सहित ट्रंप के साथी अब इस युद्ध के खिलाफ है।तुलसी गैबार्ड ने कहा है कि 17 लाख करोड़ रुपए अब तक युद्ध में खर्च हो चुके हैं और पेंटागन 200 बिलियन डॉलर की मांग कर रहा है। तुलसी गैबार्ड अमेरकन सरकार की इंटेलीजेंस प्रमुख है।दूसरी ओर ईरान ने पूरी दुनिया का 20 परसेंट तेल टैंकरों को हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में रोक दिया है।केवल चाइना, भारत,के तेल टैंकरों, गैस टैंकरों को हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र से गुजरने की परमीशन है।डॉनल्ड ट्रंप बार बार अपील कर रहे है कि नाटो देश अपन समुद्री जहाज,सेना हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र को खुलवाने में मदद करे लेकिन इटली फ्रांस, जर्मनी,स्पेन, ब्रिटिश ने साफ इनकार कर दिया है।स्पेन ने तो युद्ध को पाप बताया है। इजरायल मौके का फायदा उठा कर ईरान के प्रॉक्सी ग्रुप हिज्बुल्लाह,हमास, बेरुत,लेबनान पर हमला कर खासा नुकसान पहुंचा दिया है।रूस और चाइना ईरान को मदद कर रहे हैं। ईरान ने अब तक मिसाइल वह भी बहुतायत में इजरायल और यूएस बेस पर हमला कर पूरे विश्व के देशों को चौंका दिया है।आज से 4 दिन पूर्व अमेरिका ने पाकिस्तान,तुर्की के माध्यम से 15 विंदु वाली शर्त रखी कि ईरान समर्पण करदे मगर ईरान ने सब शर्तो की बात छोड़ो अपनी तीन शर्ते रखी दी और कहा कि युद्ध में नुक्सान का खर्चा अमेरिका दे, परमाणु हथियारों का कार्यक्रम जारी रखा जाएगा ।अब तो ईरान अड़ गया है और डॉनल्ड ट्रंप युद्ध से सम्मानजनक एग्जिट चाहते हैं इसी लिए उन्होंने अपनी समय सीमा 6 अप्रैल तक बड़ा दी है। डॉनल्ड ट्रंप अब अपने देश की राजनीत से परेशान है।उनका लोकप्रिय सेंसेक्स 30 परसेंट पर आ गया।जबकि 27 फरवरी को 63 परसेंट पर था । यूएस कांग्रेस ने युद्ध पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। यद्यपि यूएस प्रेसिडेंट कांग्रेस की बात मांगने के बाध्य नहीं है लेकिन वित्त विभाग कांग्रेस के अधीन है। उल्लेखनीय है कि ईरान में 28 फरवरी के हमले में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमानी सहित 43 लोग मार दिया। अब ईरान की सेना प्रमुख लार्जियानी मारे गए। अब मोजतफा खुमानी सर्वोच्च नेता है ईरान में अब तक 3000 लोग मारे गए। यूएस प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने अब यूक्रेन रूस युद्ध पर हस्तक्षेप कर ने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

## युद्ध से नियंत्रण खो चुके ट्रंप

ट्रंप की टिप्पणियां संकेत हैं कि ईरान के खिलाफ छेड़े गए युद्ध से निकलने का रास्ता उसे नहीं मिल रहा है। ट्रंप युद्ध पर से अपना नियंत्रण खो चुके हैँ, जिसकी बेचौनी उनके बयानों से जाहिर हुई है।ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका के उलझते जाने की स्थिति से व्यग्र डॉनल्ड ट्रंप अपनी नाकामी का ठीकरा नाटो में अपने सहयोगी देशों और चीन फोड़ते नजर आ रहे हैं। उलझाव का आलम यह है कि ईरान में थल सेना उतारने पर उनका प्रशासन गंभीरता से विचार कर रहा है, जिसकी शुरुआत ईरानी द्वीप खर्ग से हो सकती है। अफगानिस्तान और इराक के अनुभवों के मद्देनजर अमेरिका के युद्ध रणनीतिकार इसे अपने देश के लिए खतरनाक फैसला मानते हैँ। बहरहाल, वहां थल सेना भेजने के बावजूद होरमुज जलडमरूमध्य को खुलवाने का सवाल बना रहेगा। नौसैनिक हस्तक्षेप के जरिए ऐसा करने में अमेरिका अकेले खुद को अक्षम पा रहा है।इसलिए ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से मदद करने की गुजारिश की। चीन ने तो इसे सीधे ठुकरा दिया, जबकि अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले किसी देश से भी तुरंत सकारात्मक उत्तर नहीं मिला। तो अब ट्रंप ने यूरोपीय देशों की अनिच्छा के मद्देनजर नाटो के ष्बहुत बुरे भविष्यष् की धमकी दी है। उधर चीन को चेताया है कि वे 31 मार्च से तय अपनी बीजिंग यात्रा स्थगित कर सकते हैं। इस बीच खबर है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ईरान के राष्ट्रपति महमूद पेजिस्कियान से बात कर फ्रेंच जहाजों के लिए होरमुज का रास्ता खोलने का आग्रह किया।उन्होंने जोर किया कि फ्रांस इस युद्ध का हिस्सा नहीं है। यह संकेत है कि यूरोपीय देश अमेरिका- इजराइल के बिना तय सैन्य उद्देश्य वाले युद्ध में भागीदारी से बच रहे हैं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक भारत की नई उड़ान

सौरभ वार्ष्णेय

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और पूरे भारत की विकास यात्रा का एक बड़ा आधार बनने जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इसके माध्यम से प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाई मिलेगी। इस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक भारत की नई उड़ान माना जा रहा है। इस विकास से प्रदेश का ही नहीं देश का विकास भी संभव हो सकेगा? देश की तरक्की में कम्युनिकेशन यानी यातायात को सुगम बनाना स्वाभाविक ही वह क्षेत्र और देश स्वयं तरक्की के पंख लगा लेता है। आज उसी अध्याय में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को बीमारू छवि से बाहर निकालेगा। प्रदेश की छवि में चार चांद लगेंगे

जैसा की बताया जा रहा है अप्रैल के अंत में फ्लाइट्स शुरू होने के बाद यह देश का पांचवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन जाएगा। चारों फेज का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। 5000 एकड़ से अधिक के क्षेत्रफल में एयरपोर्ट का विस्तार होगा। पहले फेज के बाद इस एयरपोर्ट पर यात्री क्षमता करीब 1.2 करोड़ होगी। फाइनल फेज पूरी होने के बाद यह 7 करोड़ से अधिक यात्री क्षमता वाला एयरपोर्ट होगा। उड़ानें शुरू होने के बाद तेजी से बढने की उम्मीद है। भविष्य का सबसे बड़ा एविएशन हब बनने की पूरी क्षमता रखता है। इससे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को श्बीमारू छवि से बाहर निकालकर श्विकसित प्रदेश्ा की दिशा में ले जाने की क्षमता रखता है। और जब देश का सबसे बड़ा राज्य आर्थिक रूप से सशक्त होगा, तो स्वाभाविक है कि भारत की समग्र प्रगति भी तेज होगी।नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट ) का उद्घाटन होने के बाद अब अप्रैल माह के अंत तक उड़ाने शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 65 शहरों के लिए उड़ान शुरू किए जाने का दावा है। पहले चरण में देश के 10 शहरों के लिए सेवा शुरू होगी। शुरुआत में केवल घरेलू और कार्गो उड़ानें ही संचालित होंगी। नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही यूपी पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन गया है। वैसे तो देश में एयरपोर्ट अलग-अलग मानकों के आधार पर तय किए जाते हैं। इनमें यात्री क्षमता, क्षेत्रफल और उड़ानों की संख्या शामिल होती है। देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट के आधार पर सबसे बड़ा दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। वहीं, क्षेत्रफल के लिहाज से हैदराबाद एयरपोर्ट सबसे बड़ा है। उड़ानों की दृष्टि से सबसे बड़ा एयरपोर्ट दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट है। जेवर एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसे सबसे बड़ा माना जाएगा। देश के पांच सबसे बड़े एयरपोर्ट होगा।सबसे पहले, यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार और निवेश के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करेगा। अभी तक दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर अत्यधिक दबाव रहता है, लेकिन जेवर एयरपोर्ट उस दबाव को कम करेगा और क्षेत्र में हवाई कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। इससे निर्यात, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। दूसरा, यह परियोजना रोजगार के विशाल अवसर पैदा करेगी। निर्माण चरण से लेकर संचालन तक लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। आसपास के क्षेत्रोंख्जैसे ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़ख्में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। तीसरा, यह एयरपोर्ट श्मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी्ा का केंद्र बनेगा। एक्सप्रेसवे, मेट्रो और रेल नेटवर्क से जुड़कर यह क्षेत्र एक लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित होगा। इससे किसानों, छोटे व्यापारियों और उद्योगों को अपने उत्पाद देश-विदेश तक पहुंचाने में आसानी होगी।चौथा, विदेशी निवेश को आकर्षित करने में यह अहम भूमिका निभाएगा। जब वैश्विक कंपनियां बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर देखती हैं, तो वे निवेश के लिए अधिक इच्छुक होती हैं। इससे श्मेक इन इंडियाश् और श्आत्मनिर्भर भारतश् जैसे अभियानों को मजबूती मिलेगी।हालांकि, विकास के इस मॉडल में कुछ चुनौतियां भी हैंख्जैसे पर्यावरण संतुलन और स्थानीय लोगों के पुनर्वास के मुद्दे। इनका संवेदनशील और संतुलित समाधान जरूरी है, ताकि विकास समावेशी और टिकाऊ बन सके। उत्तर प्रदेश लंबे समय से अपनी विशाल जनसंख्या, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था और सीमित औद्योगिक विस्तार के कारण विकास की चुनौतियों से जूझता रहा है। ऐसे में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण न केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना है, बल्कि यह राज्य की आर्थिक तस्वीर बदलने की क्षमता रखने वाला ऐतिहासिक कदम है।सबसे पहले, यह एयरपोर्ट क्षेत्रीय और वैश्विक कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते दबाव को कम करते हुए यह नया हवाई अड्डा अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन और निवेश को आकर्षित करेगा। जब दुनिया के बड़े शहरों से सीधी उड़ानें जुड़ेंगी, तो विदेशी कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश करना अधिक आसान और लाभदायक होगा।दूसरा महत्वपूर्ण पहलू रोजगार का है। एयरपोर्ट के निर्माण से लेकर उसके संचालन तक लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। होटल, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिटेल जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खुलेंगी। आसपास के क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्योगों को भी गति मिलेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।तीसरा, यह परियोजना औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों को इस एयरपोर्ट से सीधा लाभ मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में यह क्षेत्र तेजी से उभर सकता है। हालांकि, हर बड़े विकास के साथ चुनौतियां भी आती हैं। भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय समुदायों के पुनर्वास जैसे मुद्दों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ संभालना होगा। यदि इन पहलुओं की अनदेखी हुई, तो विकास का यह मॉडल असंतुलित हो सकता है। यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के लिए केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जागरण का माध्यम बन सकता है। यदि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर इसे योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाएं, तो यह राज्य को न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर नई पहचान दिला सकता है। यूपी को श्बीमारू छवि से बाहर निकालेगा

उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि उत्तर भारत के लिए विकास का नया इंजन बनने जा रहा है।सबसे बड़ी विशेषता इसकी वृहद क्षमता और चरणबद्ध विस्तार योजना है। पूर्ण रूप से विकसित होने पर यह एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल होगा। शुरुआत में ही इसकी रनवे क्षमता और यात्री संभालने की व्यवस्था इसे भविष्य के दबाव के लिए तैयार बनाती है। अहम विशेषता है इसकी बेहतरीन कनेक्टिविटी। यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बड़े हिस्सों को सड़क, रेल और मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा। इससे न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि व्यापार और उद्योग को भी नई गति मिलेगी। अन्य खासियत है इसका ग्रीन और सस्टेनेबल डिजाइन। यह भारत का पहला ऐसा एयरपोर्ट बनने की दिशा में है, जो पूरी तरह से नेट जीरो एमिशन के लक्ष्य को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। सोलर एनर्जी, जल संरक्षण और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण इसे भविष्य के एयरपोर्ट्स का मॉडल बनाते हैं। इसके अलावा, यह एयरपोर्ट कार्गो हब के रूप में भी उभरेगा।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# परिवहन व्यवसायी टैक्स जमा नहीं करेंगे

ऋषिकेश(संवाददाता)। चारधाम जाने वाली बसों के लिए लॉटरी अप्रैल के पहले सप्ताह में निकाली जाएगी। संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति को अब तक सभी परिवहन कंपनियों से बसों का ब्योरा नहीं मिल पाया है। रोटेशन ने परिवहन विभाग की ओर से हर साल बढ़ाए जाने वाले टैक्स को लागू करने का विरोध किया। कहा कि ऐसी स्थिति में वाहन स्वामी टैक्स जमा नहीं करेंगे। चाहे उनके वाहनों के ग्रीन कार्ड बनें या न बनें। चारधाम यात्रा को लेकर संयुक्त रोटेशन के अध्यक्ष भास्करानंद भारद्वाज की अध्यक्षता में हरिद्वार और ऋषिकेश के ट्रैवल एजेंटों की अलग-अलग बैठक हुई। संयुक्त रोटेशन की ओर से बताया गया कि हरिद्वार से आने वाली यात्री बस डिमांड रोटेशन में शामिल सभी 10 परिवहन कंपनियों के माध्यम से स्वीकार की जाएगी। ठेका वाहन और स्टेज कैरिज में चलने वाले वाहनों की अलग-अलग लॉटरी निकाली जाएगी। मूल डिमांड पर ही वाहनों का आवंटन किया जाएगा। अगर किसी ट्रैवल एजेंट की डिमांड फर्जी पाई जाती है तो वाहन व एजेंसी का अगला छूट का नंबर निरस्त कर 25 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा।चारधाम यात्रा पर जाने वाली बसों को रोटेशन से गमन पत्र (परमिट) लेना होगा। परिवहन विभाग और रोटेशन चेक पोस्ट पर गमन पत्र (परमिट) की जांच की जाएगी। गमन पत्र (परमिट) न होने पर वाहन को चेक पोस्ट से वापस कर दिया जाएगा। बैठक में टीजीएमओ के अध्यक्ष जितेंद्र नेगी, यातायात कंपनी के निवर्तमान अध्यक्ष मनोज ध्यानी, रूपकुंड समिति के अध्यक्ष भूपाल सिंह नेगी, गणेश भट्ट, योगेश उनियाल, प्रेमपाल बिष्ट, प्रदीप कानवासी, कृष्णा पंत सहित ट्रैवल कारोबारी हरिमोहन सिंह, नरेश गोयल, नितिन चौधरी, गजेंद्र चौहान, सुमित रतूड़ी, बिजेंद्र पासवान, राकेश गुसाईं, बद्री प्रसाद नौटियाल और प्यारेलाल जुगरान आदि मौजूद रहे।ट्रैवल एजेंट की मांग पर बसें आवंटित होंगीऋषिकेश के ट्रैवल कारोबारियों के साथ संयुक्त रोटेशन की बैठक में आपसी समन्वय पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन ट्रैवल एजेंट के पास परिवहन विभाग या पर्यटन विभाग का एजेंट प्रमाण पत्र होगा वे बस डिमांड के लिए रोटेशन में नाम लिखवाएंगे। ट्रैवल एजेंटों की ओर से अपेक्षा की गई कि रोटेशन समिति ऋषिकेश पहुंचे यात्रियों को हर हाल में बसें उपलब्ध कराएगी। रोटेशन कार्यालय से ही यात्रियों को ट्रेवल एजेंट की डिमांड पर चारधाम के लिए बसें आवंटित की जाएंगी। बैठक में दिनेश बहुगुणा, पंकज शर्मा, संदीप गुप्ता, नवीन मोहन, महेश शर्मा, अमर गुप्ता, चेतन, सीमा रानी, मनोज साहल, सुनील बजाज, सुनील उनियाल, भारत शर्मा, अप्रेश पंचभैया और मदन मोहन कोठारी आदि मौजूद रहे। संचालन संयुक्त रोटेशन के प्रभारी नवीन तिवाड़ी ने किया।



## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

ऋषिकेश(संवाददाता)। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश का सात दिवसीय एनएसएस शिविर रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। शिविर के सात दिनों तक सामाजिक गतिविधियों के जरिए स्वयंसेवियों को लोगों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवियों को सम्मानित किया गया। सोमवार को राइका आईडीपीएल में चल रहे एनएसएस शिविर के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि राजीव लोचन सिंह ने स्वयंसेवकों के सेवा, समर्पण और सामाजिक जागरूकता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सच्ची शिक्षा का अर्थ समाज के प्रति सेवाभाव और जिम्मेदारी निभाना है। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश के निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं।समाजसेवी प्रो. गौरव वार्ष्णेय ने एनएसएस को व्यक्तित्व निर्माण, नेतृत्व, देशभक्ति और जीवन मूल्यों के विकास का सशक्त माध्यम बताया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार मैन्दोला ने कहा कि शिविर में स्वयंसेवियों ने एड्स जागरूकता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला शिक्षा, अंधविश्वास उन्मूलन सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में शिरकत की।

## रुड़की में रसोई गैस में हल्की राहत, व्यावसायिक सिलेंडर के लिए अब भी जूझ रहे कारोबारी

रुड़की(संवाददाता)। रुड़की में घरेलू रसोई गैस की सप्लाई में मामूली सुधार आया है। लेकिन कॉमर्शियल सिलेंडरों की कमी से कारोबारियों की मुश्किलें अब भी जारी हैं। इससे होटल, रेस्टोरेंट कारोबाजी परेशान हैं। दीपाली गैस एजेंसी के मैनेजर निशिकांत शर्मा ने बताया कि रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि रविवार को भी एक गाड़ी गैस सिलेंडरों की आई थी, सोमवार को भी सप्लाई पहुंची है। एजेंसी से हैंड टू हैंड बुकिंग के आधार पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जा रहे हैं। साथ ही होम डिलीवरी व्यवस्था भी नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है और उन्हें लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा। वहीं, छवि गैस एजेंसी के मैनेजर मनोज शर्मा ने भी बताया कि घरेलू रसोई गैस को लेकर फिलहाल किसी प्रकार की किल्लत नहीं है।

# नर्सिंग छात्रों के लिए जर्मन भाषा प्रशिक्षण बैच शुरू

ऋषिकेश(संवाददाता)। एसआरएचयू ने स्किल डेवलपमेंट पार्टनर लर्नेट स्किल्स के सहयोग से जर्मन भाषा प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया। इसके तहत नर्सिंग छात्र-छात्राओं को ओवरसीज ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट कार्यक्रम के तहत जर्मन भाषा का ज्ञान दिया जाएगा। सोमवार को जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी ओवरसीज ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डॉ. मुकेश बिजल्वाण ने किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर बेहतर कॅरियर के अवसर प्रदान करना तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सक्षम और प्रशिक्षित बनाना है। असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट लर्नेट स्किल्स पुनीत सिंह ने जर्मन भाषा प्रशिक्षण, विदेश में रोजगार की संभावनाओं तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। लर्नेट स्किल्स के प्रबंध निदेशक आरसीएम रेड्डी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के कौशल को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे।एसआरएचयू के कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल ने कहा कि वर्तमान समय में भाषा कौशल के साथ अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम हमारे नर्सिंग के विद्यार्थियों को विदेशों में बेहतर अवसर दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उनकी पेशेवर क्षमताओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। जर्मन भाषा प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम न केवल छात्रों के कौशल में वृद्धि करेंगे बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने का अवसर भी प्रदान करेंगे। लर्नेट स्किल्स के स्टेट हेड रमेश पेटवाल ने कहा कि यह पहल उत्तराखंड के युवाओं के लिए नई दिशा तय करेगी। इस दौरान चयनित नर्सिंग छात्र-छात्राओं को जर्मन भाषा प्रशिक्षण किट का वितरण भी किया गया।




जोखिम दैनिक

के प्रकाशन के संबंध में सूचना

फार्म – 4

(नियम 8 देखिए)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : देहरादून (उत्तराखंड) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3.मुद्रक का नाम | : संजीव पंत |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हां |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : XXXXXXX |
| पता– | : डी–2 शिवलोक कॉलोनी रायपुर रोड़ काली मन्दिर के पास लाडपुर, देहरादून |
| 4. प्रकाशक का नामः | : संजीव पंत |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हां |
| (यदि विदेशी है तो तो मूल देश) | : XXXXXXX |
| पता– | : डी–2 शिवलोक कॉलोनी रायपुर रोड़ काली मन्दिर के पास लाडपुर, देहरादून |
| 5. संपादक का नाम | : संजीव पंत |
| क्या भारत का नागरिक है | : हां |
| (यदि विदेशी है तो तो मूल देश) | : XXXXXXX |
| पता– | : डी–2 शिवलोक कॉलोनी रायपुर रोड़, काली मन्दिर के पास लाडपुर, देहरादून |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार–पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों | : संजीव पंत |

मैं संजीव पंत एतदद्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं ।

दिनांक : 31.03.2026

हस्ताक्षर /– संजीव पंत

प्रकाशक


## सोमवार को सर्वर डाउन होने से गैस बुकिंग का संकट

ऋषिकेश(संवाददाता)। नगर क्षेत्र में कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति ठप है लेकिन घरेलू गैस के लिए भी स्थानीय लोगों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। सर्वर डाउन होने से न तो गैस की बुकिंग हो पा रही है और न ही बुकिंग कर चुके कनेक्शनधारकों की पर्ची जनरेट हो पा रही है। इससे जहां एजेंसियों पर लोगों की भीड़ जुट रही है वहीं, एजेंसी प्रबंधन को गैस सप्लाई करने में दिक्कत आ रही है। सोमवार को दून मार्ग स्थित ऋषिकेश त्रिवेणी गैस एजेंसी कार्यालय में लोग पूछताछ के लिए जुटे दिखे। कई बुजुर्ग हाथ में फोन लिए एजेंसी के बाहर चस्पा टोल फ्री नंबर पर कॉल करते नजर आए। परमिंदर सिंह ने बताया कि घर से कई बार टोल फ्री नंबर पर कॉल किया लेकिन गैस की बुकिंग नहीं हो सकी। इस कारण एजेंसी पहुंचना पड़ा।

## धर्मशालाओं के जरिए यात्रियों को मिलती है बेहतर सुविधाः प्रेमचंद

ऋषिकेश(संवाददाता)। भूपतवाला में पांच करोड़ की लागत से श्री गंगा इंटरनेशनल ट्रस्ट ने धर्मशाला का निर्माण कराया है। इससे क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को ठहरने की सुविधा मिल सकेगी। सोमवार को हरिपुर समीप भूपतवाला में नवनिर्मित धर्मशाला का उद्घाटन ऋषिकेश विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि लगभग तीन वर्ष पूर्व अपने मंत्रित्व कालत के दौरान इस धर्मशाला का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया था।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# यमुनोत्री हाईवे : पालीगाड से जानकीचट्टी तक बना है मुसीबत

उत्तरकाशी(संवाददाता)। पालीगाड से लेकर जानकीचट्टी तक यमुनोत्री हाईवे चौड़ीकरण कार्य लगातार मुसीबत का सबब बना है। चौड़ीकरण से हाईवे संकरा और ऊबड़-खाबड़ हो गया है। वहां आए दिन वाहन फंस रहे हैं। खासकर मालवाहक वाहन चढ़ाई पार करते हुए सड़क पर ही फंस रहे जिससे घंटों लंबा जाम लग रहा। सोमवार को भी हाईवे पर मालवाहक वाहन फंस गए थे और जाम की स्थिति रही। ऐसे में मुसाफिरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पाली गाड से लेकर जानकीचट्टी तक इन दिनों ऑल वेदर परियोजना के तहत हाईवे चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। पिछले कई महीनों से चौड़ीकरण कार्य के कारण सड़क की स्थिति बदहाल बनी है। अप्रैल से चारधाम यात्रा भी शुरू होने वाली है। सड़क की हालत नहीं सुधरने पर यात्रा के दौरान दिक्कतें बढ़ सकती है। सिलाई बैंड के करीब आधा किमी हिस्से में आलम यह है कि धूप में धूल और बारिश से कीचड़ के कारण आवागमन करने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। साथ ही वहां पर जाम की समस्या से और भी दिक्कत हो रही है।स्थानीय निवासी लोकेश चौहान, प्रमिंद राणा आदि का कहना है कि कई जगहों पर सड़क संकरी होने से वाहन फंस रहे हैं। स्थिति इतनी खराब है कि कई बार लोगों को वाहनों को पत्थरों और गुटखों के सहारे आगे बढ़ाना पड़ रहा। हाईवे के इस चढ़ाई वाले हिस्से में दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी हुई है। यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुनील उनियाल, प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल, मनमोहन उनियाल का कहना है कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले यदि सड़क की स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इससे यात्रा प्रभावित हो सकती है।

## जनता के कनेक्शन काटने में फुर्ती, सरकारी महकमों से वसूली में नाकामी

उत्तरकाशी(संवाददाता)। पेयजल बिलों के बकाये को लेकर जल संस्थान ने सख्त रुख अपनाते हुए कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं लेकिन सरकारी विभागों पर लाखों का बिल बकाया होने के बावजूद उनसे वसूली नहीं कर पा रहा है। हालांकि विभाग की ओर से सभी बकायेदारों को नोटिस भेजा गया है लेकिन बिल का भुगतान नहीं हो पाया है।जल संस्थान का उपभोक्ताओं पर लाखों का बिल बकाया चल रहा है। मार्च में बिल जमा नहीं करने पर विभाग ने अभी तक 47 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं। लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को पहले नोटिस जारी किए गए थे लेकिन इसके बावजूद भुगतान न करने पर अब कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने साफ किया है कि बकाया जमा करने के बाद ही दोबारा कनेक्शन जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत शहर और आसपास के क्षेत्रों में टीमों का गठन कर घर-घर जाकर बकाया वसूली की जा रही है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एलसी रमोला ने बताया कि गत वर्षों की अपेक्षा वसूली में बढ़ोत्तरी हुई है। सरकारी विभागों को नोटिस भेजे गए हैं। इस पर कई विभागों ने अपने बिल जमा करवा दिए हैं।

**विभिन्न विभागों पर जल संस्थान का बकाया।**

1. मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी 1286051.00
2. मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी 839102.00
3. एएमओ जिला पंचायत 755736.00
4. ईई लोनिवि चिन्यालीसौड़ 643699.00
5. वन विभाग उत्तरकाशी 612531.00
6. सीएमएस जिला अस्पताल 593127.00
7. ईई लोनिवि उत्तरकाशी 408835.00
8. ईओ इंटरनेशल सुलभ शौचालय 379122.00
9. ईई लोनिवि भटवाड़ी 306291.00
10. प्रबंधक जीएमवीएन 269660.00

## जर्जर पुल से जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे स्कूली बच्चे

उत्तरकाशी(संवाददाता)। तहसील के बंचाणगांव और चपटाड़ी गांव के बीच मैड़ा खड्ड पर बना वर्षों पुराना पैदल पुल अब पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुका है। पुल की खराब स्थिति के कारण यहां से गुजरने वाले ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की जान को हर वक्त खतरा बना हुआ है। लंबे समय से पुल के पुनर्निर्माण की मांग के बावजूद अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बंचाणगांव से करीब 40 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन राजकीय इंटर कॉलेज सरनौल पढ़ने जाते हैं जिन्हें मजबूरन इसी जर्जर पुल से होकर गुजरना पड़ता है। इन दिनों खड्ड में पानी कम होने के कारण कुछ लोग सीधे खड्ड से आवाजाही कर लेते हैं लेकिन बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। पानी बढ़ने और तेज बहाव के चलते खड्ड से गुजरना असंभव हो जाता है जिससे ग्रामीणों और छात्रों को जान जोखिम में डालकर पुल का इस्तेमाल करना पड़ता है। क्षेत्र में कोई वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध नहीं है। ग्राम प्रधान उपेंद्र रावत ने बताया कि पुल के पुनर्निर्माण के लिए प्रस्ताव आपदा मद से स्वीकृति हेतु जिला प्रशासन के पास लंबित है लेकिन अब तक इसे मंजूरी नहीं मिल सकी है।

## हाईवे के चिह्नित खतरनाक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करें

चमोली(संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार ने चारधाम यात्रा के सफल व व्यवस्थित संचालन के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे के चिह्नित खतरनाक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस तैनात रखें। एसपी ने सोमवार को मासिक अपराध गोष्ठी में यात्रा को लेकर चल रही तैयारी की भी जानकारी ली। एसपी ने कहा कि यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के समुचित प्रबंधन किए जाएं। अधिक से अधिक क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं। उन्होंने बैरियर, पार्किंग व होल्डिंग प्वाइंट की व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने, जरूरत के अनुसार नए पार्किंग स्थलों को चिह्नित करने, अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही रम्माण, तिमुंड्या मेला और नीती घाटी में मई माह में होने वाली अल्ट्रा मैराथन दौड़ की भी तैयारी पूरी रखने को कहा। एसपी ने अन्य मामलों को लेकर भी जरूरी निर्देश दिए। साथ ही थाने में शस्त्रों का संचालन भी देखा। एसपी ने प्रयागराज महाकुंभ में संचार तंत्र को निर्बाध बनाए रखने व सुरक्षा इकाइयों के माध्य प्रभावी समन्वय बनाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए चमोली के हेड कांस्टेबल अभिषेक राणा को यूपी सरकार की ओर से प्राप्त महाकुंभ सेवा मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान किया। वहीं एसआई सत्येंद्र बुटोला व एएसआई भूपेंद्र सिंह को पुलिस मैन ऑफ द मंथ चुना गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक चमोली मदन सिंह बिष्ट, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग त्रिवेंद्र सिंह राणा सहित अन्य पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। गोपेश्वर। पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग त्रिवेंद्र सिंह राणा ने बदरीनाथ हाईवे की प्रमुख चौकियों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीपलकोटी, हेलंग, पाखीर, टंगड़ी, मारवाड़ी, पांडुकेश्वर, लामबगड़, हनुमान चट्टी व बदरीनाथ तक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बदरीनाथ में बर्फबारी से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए ठेकेदार को शीघ्र मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाओं का पूर्व में आकलन कर लें ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक आनंद सिंह रावत, प्रभारी निरीक्षक गोविंदघाट चित्रगुप्त, एसआई ललित मोहन जखमोला आदि मौजूद रहे।

## कपिलमुनी क्लब की टीम ने मारी बाजी

उत्तरकाशी(संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज मातली में युवा संघ मातली की ओर से आयोजित दो दिवसीय श्री कपिलमुनि कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें कपिलमुनी क्लब की टीम ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। अंतिम दिन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल का मुकाबला खेला गया। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कपिलमुनी क्लब ने कचडू क्लब को हराकर फाइनल में जगह बनाई। साथ ही दूसरे मुकाबले में चिन्यालीसौड़ ने गंगोरी को हराकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। उसके बाद खेले गए फाइनल मुकाबले में कपिलमुनी क्लब ने चिन्यालीसौड़ को हराकर विजय ट्राफी अपने नाम की।। राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में ग्राम प्रधान श्रीष बहुगुणा ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें जिला व राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार करने का अच्छा प्रयास है। कहा कि खेल से न केवल शारीरिक मजबूती मिलती है बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन भी विकसित होता है। वहीं, युवा संघ के मनवीर सिंह रावत ने बताया कि खेल युवाओं के बीच भविष्य को लेकर सकारात्मक एवं नई ऊर्जा का संचार करेगा। साथ ही युवाओं में बढ़ती हुई नकारात्मक एवं नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस मौके पर रजत बधानी, भोला दत्त सकलानी, राजीव, आदित्य, साहिल, आजाद, मंजीत, आदर्श, अभिषेक, शिवम आदि मौजूद रहे।

## सिलिंडर की आपूर्ति के लिए जारी किया गया एक सप्ताह का रोस्टर

उत्तरकाशी(संवाददाता)। जनपद मुख्यालय में रसोई गैस की आपूर्ति की समस्या और कई स्थानों पर लग रही लंबी लाइन को देखते हुए जिला पूर्ति विभाग और गैए एजेंसी की ओर से एक सप्ताह का रोस्टर जारी किया गया है। इसके अनुसार आज से छह अप्रैल तक जनपद मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में रसोई गैस सिलिंडर का वाहन चिह्नित स्थानों पर पहुंचकर आपूर्ति को पूरा करवाएगा। जनपद में रसोई गैस की आपूर्ति की समस्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। लोग सिलिंडर का वाहन पहुंचने की सूचना पर सुबह तड़के तीन से चार बजे से ही लाइनों में खड़े होकर इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। इस बीच कई स्थानों पर वाहन न पहुंचने पर लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ता ही जा रहा है। बीते तीन दिन जोशियाड़ा में रसोई गैस सिलिंडर न मिलने पर लोगों ने उत्तरकाशी-लंबगांव मोटर मार्ग जाम कर दिया था। साथ ही इससे पूर्व लदाड़ी बैंड के समीप भी लोगों ने सड़क जाम कर दी थी। उसके बाद हरकत में आए प्रशासन ने अब गैस आपूर्ति के लिए रोस्टर जारी कर दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि उत्तरकाशी गैस एजेंसी की ओर से जारी रोस्टर के अनुसार 31 मार्च को गणेशपुर और ज्ञानसू पुलिस लाइन में रसोई गैस सिलिंडर मिलेगा। उसके बाद एक अप्रैल को मुस्टिकसौड़, दो अप्रैल को नेताला, तीन को कलेक्ट्रेट कॉलोनी, चार को जोशियाड़ा पार्किंग सहित पांच अप्रैल को रामलीला मैदान और छह अप्रैल को पटुड़ी धनारी में गैस की आपूर्ति की जाएगी।

## निर्माण सामग्री से संकरा हुआ उत्तरकाशी-लंबगांव मोटर मार्ग

उत्तरकाशी(संवाददाता)। उत्तरकाशी-लंबगांव मोटर मार्ग पर तिलोथ पावर हाउस की ओर जाने वाले रास्ते के पास सड़क किनारे डाली गई रेत, मिट्टी और पत्थरों के ढेर दुर्घटना का सबब बने हैं। निर्माण सामग्री सड़क तक फैली हुई है जिससे मार्ग संकरा हो गया है। ऐसे में अचानक सामने आने वाले रेत-बजरी के ढेर दोपहिया और चौपहिया वाहनों के लिए बड़ा खतरा बना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के चलते सामग्री लंबे समय से सड़क किनारे डाली गई है लेकिन इसे हटाने या सुरक्षित ढंग से रखने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। न तो चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। रात के समय वहां पर कोई रिफ्लेक्टर या बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी नहीं की गई है। स्थानीय निवासी प्रदीप, सुमित ने बताया कि सड़क पर पत्थर व रेत के ढेर लगे होने से कई बार सामने से आने वाले वाहनों के जोरदार टक्कर की आशंका बनी रहती है। लंबगांव और उत्तरकाशी के साथ ही केदारनाथ धाम का एक वैकल्पिक रूट भी है। यात्रा सीजन के दौरान वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है।

## वन नेशन-वन इलेक्शन लागू करने की मांग, पीएम को लिखा पत्र

देहरादून(संवाददाता)। सामाजिक कार्यकर्ता और जन जागरण अभियान समिति के अध्यक्ष स्वप्निल सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष और कानून मंत्री को पत्र लिखकर देश में वन नेशन, वन इलेक्शन व्यवस्था लागू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले इस बिल को प्रभावी बनाने का सुझाव दिया है। सिन्हा ने पत्र में तर्क दिया कि बार-बार चुनाव होने से सरकारी खजाने पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है और बार-बार लागू होने वाली आचार संहिता से जनहित के विकास कार्य रुक जाते हैं। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से प्रशासनिक मशीनरी का समय बचेगा, चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और मतदाताओं में भी उत्साह बढ़ेगा।

# नैनीताल में एक दिवसीय सैमिनार का आयोजन

नैनीताल (संवाददाता)। भारत और नैपाल के हिमालय क्षेत्र में पारंपरिक जल व्यवस्था, संरक्षण और इससे जुड़ी जानकारियां पर चर्चा के लिए नैनीताल में एक दिवसीय सैमिनार का आयोजन हुआ। आयोजन में दोनों देशों से इतिहास, जल संरक्षण और पर्यावरण से जुड़े विशेसज्ञों ने हिस्सा लिया।कुमाऊं विश्वविद्यालय के हरमिटेज भवन में इतिहास विभाग और यू.जी.सी. एम.एम.टी.टी.सी.द्वारा अयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने विचार रखे। चित्रों के माध्यम



से नैपाल और भारत के इन हिस्सों में जल संरक्षण की समानताओ को दर्शाया गया। दोनों देशों में नौलों और घरों में भगवान विष्णु को जल संरक्षण का मुख्य स्रोत बताया गया। ये कहा गया कि तब पानी को गवाह मानकर पवित्र विवाह तक हो जाता था।कार्यक्रम के आयोजक सचिव प्रोफेसर रितेश शाह ने सभी अथितियो का स्वागत किया. या। नैपाल के बैतड़ी, निंगलासैनी, डूंगरासेठी, घटल मंदिर, डडेलधूरा, डोटी, दार्चुला के साथ ऊत्तराखण्ड के अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत और नैनीताल में रिसर्च हुई थी। सैमिनार में चाल, खाल, गुल, सॉइल इरोजन, 75प्रतिशत सूखे ग्लेशियरों, घराट आदि पर विस्तार से चर्चा हुई।इस मौके पर जे.एन.यू.के प्रो.राजेश खरात, नैपाल से डॉ.संजीव कुमार भुचर, प्रो.पी.सी.तिवारी, प्रो.वसुधा पांडेय, प्रो.अनीता पाण्डे, कैलाश पांडेय, के.यू.के रैजिसट्रार मंगल सिंह मंद्रवाल, प्रो.संजय घिल्डियाल आदि उपस्थित रहे।नैपाल के सुदूरवर्ती पश्चिम प्रोविंस के पूर्व मुख्यमंत्री राजेन्द्र सिंह रावल ने जल संरक्षण के पारंपरिक तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने विलुप्त होती पद्वति के खतरों को उजागर करते हुए विकास की दौड़ में विनास का आमंत्रण समझाया। हिंदी, इंग्लिश, नैपाली और कुमाउनी भाषा के अच्छे जानकार राजेन्द्र सिंह रावल ने दोनों देशों के महत्वपूर्ण वॉटर टावर हिमालय पर बोला।

# शुभम् उत्तम भाजपा नैनीताल के ग्रामीण मंडल के प्रभारी नियुक्त

रामनगर (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के नैनीताल जिले के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट व अनुसूचित मोर्चे के प्रभारी दया किशन पोखरिया की संतुति पर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रविन्द्र बाली आर्य ने रामनगर निवासी शुभम् उत्तम को नैनीताल ग्रामीण मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है । बता दे शुभम् उत्तम वाल्मीकि समाज के हितों के लिए निरंतर प्रयास करते है । उत्तराखंड में कार्यरत पर्यावरण मित्रो (सफाई कर्मचारियों ) के लिए शासन से मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करते है । अनुसूचित समाज को समर्पित है । भाजपा ने नैनीताल जिले में शुभम् को दायित्व देकर अनुसूचित समाज को एक साथ पिरोने का काम किया है।



# पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा

हल्द्वानी (संवाददाता)। खटीमा में वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (छन्श्र उत्तराखंड) के पदाधि कारियों व पत्रकारों ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताते हुए ौच नैनीताल मनोज कत्याल के माध्यम से पुलिस महानिदेशक (क्ळच) को ज्ञापन भेजकर मुकदमा निरस्त करने की मांग उठाई है।ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार दीपक फुलेरा ने चकरपुर क्षेत्र में गैस आपूर्ति में हो रही देरी और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर एक ग्राउंड रिपोर्ट प्रकाशित की थी। आरोप है कि इस खबर से नाराज होकर चकरपुर मंडल के एक भाजपा पदाधि कारी की तहरीर पर पुलिस ने बिना किसी प्रारंभिक जांच के ही भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 353(1)(ठ) के तहत अपराध संख्या 0090 दर्ज कर दिया।पत्रकार संगठन ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि आम जनता की शिकायतों पर कार्रवाई में जहां अक्सर लंबा समय लग जाता है, वहीं सत्ता पक्ष के दबाव में पुलिस ने बिना साक्ष्यों की पुष्टि किए ही पत्रकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।हल्द्वानी-लालकुआं इकाई की ओर से भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है।



# हजारों मछलियों के मरने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

हल्द्वानी (संवाददाता)। गौला नदी के ऊपरी जलस्तर (अपर स्ट्रीम) में हजारों मछलियों के मरने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। माना जा रहा है कि अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा पानी में जहरीला रसायन घोलकर मछलियों को मारा गया है। जमरानी बांध निर्माण स्थान से चार किलोमीटर नीचे अमिया से अमृतपुर क्षेत्र में नदी में मरी हुई मछलियां दिखी हैं। स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने मामले में वन विभाग और प्रशासन से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मछलियों के मरने का वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप की स्थिति है।स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि जमरानी बांध निर्माण के लिए प्रयुक्त सामग्री में रसायन का इस्तेमाल किए जाने से गौला का पानी जहरीला हो जा रहा है। जिसके चलते मछलियों की मौत हो रही है। मामला संज्ञान में आते ही नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ आकाश गंगवार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। डीएफओ ने बताया कि रेंजर विपिन पंत के नेतृत्व में गठित टीम मामले की जांच कर रही है। जांच में जिला प्रशासन व प्रदूषण नियंत्रण विभाग से भी मदद ली जाएगी। लिक्विड ब्लीचिंग के इस्तेमाल की आशंकास्थानीय ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कुछ लोगों द्वारा मछली मारने के लिए नदी के पानी में लिक्विड ब्लीचिंग या कोई अन्य तीव्र जहरीला रसायन डाला गया है। जिससे हजारों छोटी-बड़ी मछलियां मर गई हैं। उधर, पर्यावरण से जुड़े लोगों का कहना है कि असमाजिक तत्वों की यह करतूत गौला नदी के इको सिस्टम को बबर्बाद कर देगी। पुराना है मौत का मह खेल यह पहली बार नहीं है जब गौला नदी में जहर घोलकर मछलियां मारी गई हो। इससे पूर्व भी कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में शिकारियों के हौसले बुलंद हैं। पूर्व में पानी के दूषित करने की शिकायत मिली थी। इसके बाद निर्माण स्थार से निकल रहे पानी के सैंपल की जांच की गई तो दुषित होना नहीं पाया गया। शनिवार को फिर से सैंपल लिया गया है। महेश खरे, महाप्रबंधक, जमरानी परियोजनायह मामला गंभीर है। रेंजर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है। इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# गैस वितरण को लेकर कालाबाजारी का मामला सामने आया

हल्द्वानी (संवाददाता)। रसोई गैस वितरण को लेकर अव्यवस्था के बीच कालाबाजारी का मामला सामने आया है। गैस की किल्लत झेल रहे लोगों के लिए यह स्थिति और चिंता बढ़ाने वाली है। प्रशासन जहां आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रयास में जुटा है, वहीं कुछ कर्मचारी इस संकट का फायदा उठाकर अवैध तरीके से सिलेंडर बेच रहे हैं।मामला शहर के वार्ड नंबर 11, आनंदबाग क्षेत्र का है, जहां इंडेन गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा था। इसी दौरान एजेंसी का एक कर्मचारी, जिसकी पहचान शिब्बू के रूप में हुई है, एक उपभोक्ता को गैस सिलेंडर 2500 रुपये में ब्लैक में बेचते हुए पकड़ा गया।इस घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पार्षद रवि जोशी मौके पर पहुंचे और इसका विरोध किया।



उन्होंने तत्काल इस मामले की शिकायत सिटी मजिस्ट्रेट से की। पार्षद ने आरोप लगाया कि गैस की कमी के बीच आम लोगों को परेशान किया जा रहा है और कर्मचारियों द्वारा मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं।शिकायत मिलने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# डोली रेंज इन दिनों एक बार फिर संदिग्ध गतिविधियों को लेकर चचा

लालकुआं (संवाददाता)। तराई पूर्वी वन प्रभाग का डोली रेंज इन दिनों एक बार फिर संदिग्ध गतिविधियों को लेकर चर्चा में है। क्षेत्र में बेशकीमती सागौन की लकड़ी की तस्करी का मामला प्रकाश में आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। सूत्रों की मानें तो सागौन तस्करी से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें एक पिकअप वाहन में बेशकीमती लकड़ी के पकड़े जाने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं।स्थानीय स्तर पर यह भी कहा जा रहा है कि डोली रेंज पहले भी लकड़ी माफियाओं की सक्रियता को लेकर सुर्खियों में रहा है। बावजूद इसके, तस्करी पर प्रभावी अंकुश न लग पाना कई सवाल खड़े करता है। क्षेत्र में सक्रिय वन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद बताए जा रहे हैं कि वे बेखौफ होकर बेशकीमती लकड़ी की तस्करी को अंजाम दे रहे हैं।मामले की पुष्टि और आधिकारिक पक्ष जानने के लिए जब प्रभागीय वनाधिकारी और उप प्रभागीय वनाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन तक उठाना मुनासिब नहीं समझा। जिम्मेदार अधिकारियों की यह चुप्पी संदेह को और गहरा कर रही है।अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर डोली रेंज में बार-बार सामने आ रहे तस्करी के मामलों पर ठोस कार्रवाई कब होगी? क्या वन विभाग इस पूरे मामले में पारदर्शिता बरतते हुए सच्चाई सामने लाएगा, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा?

# चार सूत्रीय मांगों पर पूर्व पैरामिलिट्री कार्मिकों का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

अल्मोड़ा(संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन की बैठक सोमवार को आयोजित हुई, जिसमें जिले के विभिन्न ब्लॉकों से सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बल के कार्मिक शामिल हुए। बैठक में चार सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी गई। बैठक में अर्धसैनिक बलों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप लाभ देने और जिला स्तर पर प्रभावी कल्याण बोर्ड स्थापित करने की मांग उठाई गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ये मांगें न्यायसंगत हैं, लेकिन लगातार उपेक्षित की जा रही हैं। बैठक में प्रस्तावित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स बिल पर भी आपत्ति जताई गई। पूर्व कार्मिकों ने कहा कि उच्च पदों पर आईपीएस अधिकारियों की तैनाती से जुड़े प्रावधानों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए और उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों का सम्मान किया जाना आवश्यक है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार वादाखिलाफी कर रही है। हल्द्वानी में घोषित पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड का गठन चार महीने बाद भी नहीं हो सका है, जबकि गैरसैंण में मुलाकात के दौरान आश्वासन दिया गया था। जिला स्तर पर भी कल्याण बोर्ड के गठन की स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर चिंता जताई गई। बैठक में सीजीएचएस सुविधा को लेकर भी समस्या उठाई गई। पूर्व कार्मिकों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह व्यवस्था अत्यंत जरूरी है, लेकिन इसके अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो 15 मई के बाद बड़ा जुलूस निकाला जाएगा। बैठक में मनोहर सिंह नेगी, टीडी शर्मा, के एस खनी, दीवान सिंह बोरा, आरपी जोशी, के एस अधिकारी, रमेश नेगी, चतुर सिंह, हरीश सिंह, नंदन सिंह, मदन मोहन, राम सिंह रजवार, हीरा सिंह, हीरा बल्लभ, गोपाल सिंह, महेंद्र कुमार मनराल सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। बैठक का संचालन दीवान सिंह बोरा और रूप सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया।

## बिजली बिल बकाया पर सख्ती, मंत्री के भाई समेत कई कनेक्शन काट

अल्मोड़ा(संवाददाता)। ताकुला क्षेत्र में बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर ऊर्जा निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। इस कार्रवाई में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के भाई दीपक आर्या के गोदाम का बिजली कनेक्शन भी शामिल है, जिस पर 94 हजार 610 रुपये का बकाया था। दीपक आर्या की पत्नी मीनाक्षी आर्या ताकुला ब्लॉक प्रमुख हैं। विभाग की इस कार्रवाई को बिना किसी भेदभाव के वसूली अभियान के रूप में देखा जा रहा है। ऊर्जा निगम ने सरकारी विभागों पर भी कार्रवाई की। डीएफओ सिविल सोयम कार्यालय पर 90 हजार 179 रुपये और आईटीआई संस्थान पर 51 हजार 390 रुपये बकाया होने पर उनके कनेक्शन काटे गए। खेल विभाग पर करीब तीन लाख रुपये का बकाया होने के चलते उसका कनेक्शन भी विच्छेदित किया गया, जिसे बाद में विभागीय आश्वासन पर पुनः जोड़ दिया गया। नगर निगम को भी बकाया भुगतान को लेकर चेतावनी दी गई है। निगम द्वारा चार लाख रुपये जमा कराने के बावजूद करीब चार करोड़ 62 लाख रुपये की देनदारी शेष बताई गई है। इसके अलावा पुलिस लाइन पर लगभग साढ़े सात लाख रुपये का बकाया है, जिस पर विभाग की नजर बनी हुई है। अधिशासी अभियंता कन्हैया मिश्रा ने बताया कि वसूली अभियान लगातार जारी है और कनेक्शन काटने से पहले सभी उपभोक्ताओं को नोटिस दिए गए थे। उन्होंने उपभोक्ताओं से वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले बकाया बिलों का भुगतान करने की अपील की है। ऊर्जा निगम अब तक करीब छह करोड़ रुपये की वसूली कर चुका है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### अतिक्रमण पर पुलिस की सख्ती, सड़क घेरने पर ठेकेदार के खिलाफ चालान

अल्मोड़ा(संवाददाता)। जनपद में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क पर निर्माण सामग्री डालकर अवरोध पैदा करने वाले ठेकेदार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार जाखनदेवी क्षेत्र में एक ठेकेदार द्वारा सड़क मार्ग पर निर्माण सामग्री रख दी गई थी, जिससे आमजन की आवाजाही और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी तथा दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत चालान किया गया। साथ ही सड़क पर रखी निर्माण सामग्री को हटवाकर मार्ग को सुचारू कराया गया।

# विधायक बेहड़ ने किया बंडिया -पावर हाउस मार्ग का शिलान्यास

रुद्रपुर(संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ ने सोमवार को बंडिया चौराहे से पावर हाउस को जाने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस डेढ़ किमी लम्बी हॉट मिक्स सड़क का निर्माण 70 लाख रुपये की लागत से उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी से कराया जाएगा। बंडिया चौराहे पर आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक बेहड़ ने बताया कि वर्तमान में सड़क का निर्माण कार्य बंडिया चौराहे से पावर हाउस मोड़ तक किया जा रहा है। भविष्य में वह इस सड़क को नमक फैक्ट्री डैम तक विस्तारित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। क्षेत्र की छह महत्वपूर्ण सड़कों को निर्माण के लिए चयनित किया गया है। इनमें पनचक्की फार्म - गोलू मंदिर मार्ग, सिरौली कला - रेलवे फाटक मार्ग, दोपहरिया- पटेरी मार्ग, किच्छा-सुनहरा मार्ग, सिरौली-पंतपुरा पटेरी अंजनिया मार्ग, पंजाबी सभा-गुरुकुल स्कूल मार्ग शामिल है। इन सड़कों की मांग लंबे समय से की जा रही थी। स्थानीय लोगों ने विधायक बेहड़ का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सालेह सबात, दर्शन कोली, रामबाबू, राजीव चौधरी, जीवन जोशी, सुनीता कश्यप, हरभजन सिंह गुर्जर, गुरचरण सिंह, महेंद्र सिंह, दिलीप बिष्ट, दानिश मलिक, बलविंदर धांजू, लियाकत अली आदि मौजूद रहे।



## जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली

हल्द्वानी संवाददाता /काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 27 वर्षीय महिला ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। महिला अपने दो मासूम बच्चों के साथ किराए के मकान में रह रही थी, जबकि उसका पति पिछले कुछ समय से लंदन में रह रहा है।जानकारी के अनुसार, मूल रूप से पिथौरागढ़ जिले की रहने वाली उर्मिला देवी ने शनिवार शाम अपने बच्चों के सामने ही जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें सुशीला तिवारी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां रविवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।परिजनों के बताया की महिला की शादी 2017 में हुई थी वो अपने बच्चो की पढ़ाई के लिए हल्द्वानी में रह रही थी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। काठगोदाम थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाइयों में विवाद खूनी संघर्ष बना

ऊधम सिंह नगर संवाददाता जनपद ऊधम सिंह नगर के रूद्रपुर में से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक भाई ने दूसरे को सटाकर गोली मार दी। घटना में युवक की मौत की सूचना मिली है। दोनों भाइयों में विवाद खूनी संघर्ष बना है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना गदरपुर के गांव बकैनिया में हुई है। जहां रविवार देर रात भूमि विवाद के चलते दो भाइयों में झगड़ा हो गया। देखते ही देखते विवाद इनता बढ़ गया है कि एक भाई ने दूसरे को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में गंभीर घायल को अस्पताल पहुंचाया जा रहा था। लेकिन, बीच रास्ते ही उसने दम तोड़ दिया।

## अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, युवाओं को मिला अतिरिक्त समय

अल्मोड़ा(संवाददाता)। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले युवाओं को राहत देते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले जहां आवेदन की अंतिम तिथि पांच अप्रैल निर्धारित थी, अब इसे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। भर्ती कार्यालय के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है और अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है, ताकि वे बिना जल्दबाजी के अपनी प्रक्रिया पूरी कर सकें। अधिकारियों ने युवाओं से अपील की है कि वे अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपना पंजीकरण पूरा कर लें। आवेदन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। खासकर अपना पता उसी प्रकार दर्ज करें जैसा डोमिसाइल प्रमाण पत्र में अंकित है, क्योंकि किसी भी प्रकार की त्रुटि आगे की भर्ती प्रक्रिया में बाधा बन सकती है। भर्ती कार्यालय ने बताया कि किसी भी जानकारी या सहायता के लिए अभ्यर्थी कार्य दिवसों में एआरओ अल्मोड़ा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया गया है।

## गांव-गांव पहुंचकर अल्मोड़ा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

अल्मोड़ा(संवाददाता)। जनपद में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और सामाजिक जागरूकता को लेकर अभियान जारी है। इसी क्रम में रविवार को चितई क्षेत्र के पंत गांव में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत महिला कोतवाली टीम ने गांव में पहुंचकर मानव तस्करी, महिला सुरक्षा और नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। टीम ने ग्रामीणों को डिजिटल ठगी के बढ़ते मामलों के प्रति सचेत करते हुए फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड और अन्य साइबर अपराधों से बचाव के उपाय समझाए। इस दौरान गौरा शक्ति ऐप की जानकारी देते हुए उसके उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया।

## गुमशुदा महिला और 7 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

अल्मोड़ा(संवाददाता)। देघाट थाना क्षेत्र से लापता महिला और उसके सात वर्षीय बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस की सक्रियता और सर्विलांस की मदद से सफलता मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र निवासी तारा चंद्र ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी पत्नी 5 मार्च को अपने सात वर्षीय बच्चे के साथ घर से नाराज होकर चली गई थी। इस संबंध में देघाट थाने में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में तलाश के साथ ही सीसीटीवी कैमरों की जांच की और सर्विलांस के माध्यम से लगातार निगरानी रखी। सघन प्रयासों के बाद रविवार को महिला और बच्चे को भिकियासैंण (बासोट) क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया।

## रेड स्टाइलिश ड्रेस में रकुल प्रीत ने दिखाईं अदाएं, फैंस बोले- खूबसूरत

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनके हर एक अंदाज को देखकर इंटरनेट पर सनसनी मच जाती है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत ने आज इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया हैं। इस नए लुक अभिनेत्री रकुल प्रीत रेड ड्रेस में सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। रकुल का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। रकुल फिल्म पति पत्नी और वह 2 में नजर आएंगी। पति पत्नी और वह 2 एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हैं। पति पत्नी और वह 2 में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। पति पत्नी और वह 2 का निर्देशन मुदस्सर अजीज कर रहे हैं। पति पत्नी और वह 2 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपने लेटेस्ट लुक शेयर कर अक्सर फैंस के दिलों पर खंजर चला देती हैं।उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। साथ ही फैंस उनके हॉट लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।



## धुरंधर 2 के बाद अब आखिरी सवाल से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाएंगे संजय दत्त, पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख का भी ऐलान

धुरंधर और धुरंधर द रिवेंज की भारी सफलता को इस वक्त संजय दत्त एंजॉय कर रहे हैं। लोगों ने एपसी असलम चौधरी का उनका किरदार खूब पसंद किया। उनके डायलॉग काफी वायरल भी हुए, लेकिन अब वो इससे आगे बढ़ते हुए एक नई फिल्म में नजर आने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। संजय दत्त की अपकमिंग फिल्म आखरी सवाल का ऐलान हो गया है। पहले इसकी सिर्फ पहली झलक ही सामने आई थी और उसी से खलबली मच गई थी, लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। दमदार पोस्टर के साथ मेकर्स ने संजू बाबा की पर्दे पर वापसी की तारीख बता दी है।बढ़ती उत्सुकता के बीच अब रिलीज की तारीख 15 मई 2026 का भी खुलासा कर दिया गया है। आखरी सवाल का यह पोस्टर वास्तव में उस गंभीरता और विषय की सही झलक है जिसे फिल्म में दिखाया गया है। एक बड़े क्वेश्चन मार्क के बीच संजय दत्त का संजीदा चेहरा इस पोस्टर को काफी दिलचस्प बना रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इसकी टैगलाइन इसे और भी दमदार बनाती है, वो सवाल जो भारत ने पूछना कभी बंद नहीं किया। यह अपने आप में इशारा करता है कि फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है जिससे भारत लंबे समय से जूझ रहा है। पोस्टर पर रिलीज की तारीख भी साफ तौर पर 15 मई 2026 दिखाई गई है।इसके अलावा आखरी सवाल दर्शकों के सामने भारत के सबसे पुराने और एकजुट संगठनों में से एक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 साल की यात्रा की सच्ची कहानी लेकर आने वाली है, जिसकी स्थापना 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। दर्शकों को एक ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग देखने को मिलेगी जिसने भारत के भविष्य को बदल दिया, यह फिल्म इतिहास की उन कहानियों से कहीं आगे जाएगी जो हमारी किताबों में भी नहीं मिलतीं। यह राष्ट्र के लिए निस्वार्थ सेवा के मूल विचार पर रोशनी डालती है और दर्शकों को उन सच्चाइयों से रूबरू कराने का वादा करती है जो अब तक अनकही और अनदेखी रही हैं। भारत के युवाओं के मन में इस संगठन को लेकर कई सवाल और गहरी उत्सुकता है, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक रहस्य जैसा रहा है, क्योंकि यह संगठन खुद का प्रचार करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने में विश्वास नहीं रखता।इस फिल्म में संजय दत्त, अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे सितारों की एक बेहतरीन कास्ट शामिल है। अनुभवी और टैलेंटेड कलाकारों के साथ यह फिल्म दर्शकों पर एक गहरा प्रभाव छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। अभिजीत मोहन वारंग जिन्होंने 2021 में मराठी ड्रामा पिकासो के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी, उन्हें 67वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स में स्पेशल मेंशन मिला था। उन्होंने लगातार मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में शानदार फिल्में दी हैं। उनके कुछ कामों में डेजा वू, प्रेम प्रथा धूमशान, पिकोलो और शॉर्ट फिल्म वर्चुअल रियलिटी शामिल हैं।नीम ट्री एंटरटेनमेंट और निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के मेकर्स हॉटस्टार और अन्य प्लेटफार्मों के लिए कई प्रोजेक्ट्स पहले ही पूरे कर चुके हैं। आखरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। निखिल नंदा और धनराज नथवानी द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म के निर्माता निखिल नंदा और संजय दत्त हैं, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद इसके सह-निर्माता हैं। फिल्म की कहानी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं। यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## टोविनो थॉमस की फिल्म पल्लीचट्टाम्बी का टीजर रिलीज, 10 अप्रैल को दुनिया भर में भव्य रूप से सिनेमाघरों में रिलीज

पल्लीचट्टाम्बी एक बड़े बजट की फिल्म है जिसमें मलयालम स्टार तोविनो थॉमस मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण नौफल, बृजेश, चाणुक्य, चौतन्य और चरण वर्ल्डवाइड फिल्म्स और सी क्यूब ब्रदर्स एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले कर रहे हैं। इसका निर्देशन दिजो जोस एंटनी ने किया है और कायादु लोहार मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म को अखिल भारतीय स्तर पर अपार उम्मीदें हैं। यह प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट 10 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भव्य रूप से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म पल्लीचट्टांबी का टीजर आज रिलीज हुआ। इसकी शुरुआत एक प्रसिद्ध प्राचीन गिरजाघर के आकर्षक दृश्य से होती है। टीजर में इस पवित्र स्थान पर मंडरा रही बुरी शक्तियों का संकेत मिलता है, जो निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रहे शैतानी तत्वों को दर्शाती हैं। संवाद फिल्म के मूल संघर्ष और कहानी को लेकर उत्सुकता जगाते हैं। नायक का गिरजाघर और निर्दोष लोगों की रक्षा का संघर्ष टीजर का मुख्य आकर्षण है। 1950 और 60 के दशक पर आधारित इस पीरियड फिल्म में टोविनो थॉमस एक बिल्कुल नए और प्रभावशाली अंदाज में नजर आते हैं।

### फिल्म वध 2 की ओटीटी रिलीज से उठा पर्दा, 3 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की क्राइम थ्रिलर फिल्म वध 2 फरवरी, 2026 में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों में ठीक-ठाक प्रदर्शन करने के बाद, आखिरकार यह डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार हो गई है। जिन लोगों ने अब तक इसका लुत्फ नहीं उठाया है, उनके पास घर बैठकर फिल्म देखने का शानदार मौका आ रहा है। बता दें, साल 2022 में इसकी पहली किस्त वध आई थी जिसकी कहानी को बेहद पसंद किया गया था।

ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के मुताबिक, वध 2 के डिजिटल अधिकार नेटफ्लिक्स द्वारा खरीदे गए हैं। फिल्म का प्रीमियर 3 अप्रैल, 2026 को इस प्लेटफॉर्म पर कर दिया जाएगा जिसे सब्सकाइबर यूजर्स फ्री

## धुरंधर की सफलता के बाद अब बादशाह की सवारी करेंगी सौम्या टंडन, शुरू की घुड़सवारी की ट्रेनिंग

अभिनेत्री सौम्या टंडन इन दिनों स्पाई एक्शन फिल्म धुरंधर: द रिवेंज को लेकर सुर्खियों में छाई हैं। इस बीच, अभिनेत्री ने अपने नए शौक का खुलासा किया और बताया कि उन्होंने उसकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि उन्हें घुड़सवारी का काफी शौक था, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। फिल्म की सफलता के बाद सौम्या अब अपनी नई रुचि पर फोकस कर रही हैं। घुड़सवारी उनके लिए न सिर्फ नया शौक है बल्कि एक सपने को पूरा करने की दिशा में पहला कदम भी है।सौम्या ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वे घोड़ों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में वे घुड़सवारी सीखते हुए भी दिख रही हैं।सौम्या ने लिखा, पहला दिन और पहली घुड़सवारी की क्लास।अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें बचपन से ही घोड़े बहुत पसंद रहे हैं। उन्होंने लिखा, घोड़े बहुत सुंदर और नाजुक जानवर होते हैं। मैं हमेशा उनसे आकर्षित रही हूं। मैं बचपन में एक बड़े फार्म का सपना देखती थी, जहां खूबसूरत घोड़े और कुत्ते हों। मैं खुद उन घोड़ों पर सवारी करते हुए खुद को देखती थी।सौम्या ने लिखा, पहला दिन थोड़ा मुश्किल रहा, लेकिन मैंने घुड़सवारी सीखना शुरू कर दिया है, तो पहला दिन काफी खतरनाक और थकाऊ था। मेरी पीठ में दर्द हो रहा है, लेकिन इस क्लास में मुझे एक नया दोस्त मिल गया। वह दोस्त है एक सुंदर सफेद घोड़ा, जिसका नाम बादशाह है।सौम्या ने मजाकिया अंदाज में बताते हुए लिखा, मैंने बादशाह से बहुत बातें कीं। सच कहूं तो वह बहुत अच्छा सुनने वाला था या शायद उसके पास और कोई चारा नहीं था, लेकिन उसने मेरी सारी बातें ध्यान से सुनीं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक खास कनेक्शन बन गया है। हम अच्छे दोस्त बन गए हैं।अंत में सौम्या ने लिखा, फिर मिलेंगे बादशाह, जल्दी ही।

### धुरंधर 2 का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, 9वें दिन 700 करोड़ के हुई पार, अब इन दो फिल्मों का करने वाली है शिकार

आदित्य धर निर्देशित श्धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है. रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, आर. माधवन, राकेश बेदी और सारा अर्जुन स्टारर फिल्म धुरंधर 2 ने शुरुआती 8 दिनों में जबरदस्त कमाई करने के बाद भी, अपनी रफ्तार धीमी करने को तैयार नहीं है. असल में, दूसरे वीकेंड की शुरुआत के साथ ही, यह मेगा-फिल्म वीकेंड के धमाल के लिए पूरी तरह तैयार है, और इसकी शुरुआत भारतीय बॉक्स ऑफिस पर दूसरे शुक्रवार भी शानदार कमाई दर्ज करने के साथ हो गई है. इसी के साथ चलिए यहां जानते हैं श्धुरंधर 2: द रिवेंज ने रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितना कलेक्शन किया है?श्धुरंधर 2 इन दिनों बॉक्स पर कब्जा किया हुआ है. प्रेड प्रीव्यू से ही इस फिल्म ने बमफाड़ कलेक्शन की शुरुआत कर दी थी और रिलीज के 9 दिनों में इसने मेकर्स को मालामाल कर डाला. दिलचस्प बात ये है कि इसने हर दिन 40 करोड से ज्यादा की कमाई की है. इतना ही नहीं इसने शाहरुख खान से लेकर सलमान खान तक तमाम बॉलीवुड सुपरस्टार की बड़ी-बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड्स भी चकनाचूर कर दिए हैं.वहीं फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो श्धुरंधर 2 ने पहले हफ्ते में ही 624.47 करोड़ का कलेक्शन कर डाला था. इसके बाद 8वें दिन फिल्म ने 49.70 करोड़ का कलेक्शन किया.

हिन्दी दैनिक जोखिम

# श्यामपुर में गैस एजेंसी कर्मचारी पर जानलेवा हमला, कर्मचारियों में रोष

**- गैस एजेंसी कर्मचारियों ने सुरक्षा की मांग को लेकर पुलिस चौकी पर प्रदर्शन किया**

**- आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो गैस आपूर्ति रोकने की चेतावनी**




ऋषिकेश(संवाददाता)। ऋषिकेश के श्यामपुर में एक गैस एजेंसी के डिलीवरी कर्मचारी के साथ मारपीट और जान से मारने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद गैस एजेंसी संचालकों और कर्मचारियों में गहरा रोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने श्यामपुर पुलिस चौकी पर प्रदर्शन कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पुलिस को दिए शिकायत पत्र के अनुसार एसएस इण्डेन गैस एजेंसी छिद्दरवाला का वाहन दैनिक गैस वितरण के लिए गढ़ी श्यामपुर गया था। वाहन पर दो कर्मचारी दिनेश और विनोद तैनात थे। वापसी के दौरान जब वे रास्ते में अदरक खरीदने के लिए रुके तभी पीछे से स्कूटी पर आए संजू निवासी गली नंबर 22 गढ़ी मयचक ने विवाद शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में था। उसने पहले ड्राइवर के साथ गाली-गलौज की। दूसरे कर्मचारी विनोद ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो संजू ने अपने हाथ में पहने लोहे के कड़े से विनोद पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में विनोद बुरी तरह लहूलुहान हो गया। मारपीट के दौरान दिनेश ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो संजू ने दिनेश के कंधे पर लटका कैश बैग छीनने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर श्यामपुर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। घायल विनोद को तुरंत अस्पताल भेजकर उसका मेडिकल कराया गया है। गैस एजेंसी के मैनेजर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी का आचरण पहले से ही अपराधी प्रवृत्ति का रहा है। उन्होंने मांग की है कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर डिलीवरी स्टाफ सुरक्षित नहीं रहेगा तो देहरादून की समस्त गैस एजेंसियों को आपूर्ति रोकने पर विचार करना पड़ सकता है क्योंकि इस घटना से बाकी कर्मचारी भी डरे हुए हैं। कोतवाली कैलाश भट्ट का कहना है कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



**देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र से विधायक मोहन महारा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की**



**देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बंशीधर भगत ने भेंट की।**



**देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास पर कैबिनेट मंत्री खजान दास ने भेंट की।**

संक्षिप्त समाचार...

## केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं: प्रेमचंद

ऋषिकेश(संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जन-जन तक भाजपा सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया। सोमवार को वीरभद्र में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। कहा कि केंद्र सरकार ने तीन तलाक समाप्ति, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने जैसे साहसिक निर्णय लिए। इसके साथ देश में एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, एम्स एवं आईआईएम की स्थापना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा डिजिटल इंडिया अभियान जैसे कार्य किए। कहा कि राज्य में धामी सरकार ने यूसीसी, नकल विरोधी कानून लागू किया। 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की। महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनके माध्यम से 2.54 लाख लखपति दीदीयां बनी हैं। इस मौके पर वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, पार्षद मुस्कान, पार्षद तनु तेवतिया, पार्षद राजेश कोठियाल, पूर्व पार्षद संजय ध्यानी, ऊषा कोठारी, संपूर्ण सिंह रावत, दिनेश सती, रोहित भारद्वाज, पुनीता भंडारी, निर्मला उनियाल, निखिल बर्थवाल, बालम सिंह रावत, निशा बिष्ट, ममता सकलानी, रिंकी राणा, गंगा चौहान, श्वेता राजपूत, मनोरमा, सुमन रावत, अमन भट्ट, प्रताप सिंह राणा और ममता ममगाई आदि उपस्थित रहे।

## ग्लास फैक्ट्री में लगी आग, हड़कंप

ऋषिकेश(संवाददाता)। औद्योगिक क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा की तैयारियों को परखने के लिए सोमवार को हरिद्वार रोड स्थित हिंदुस्तान नेशनल ग्लास फैक्ट्री में फायर ब्रिगेड द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में कम से कम समय में जान-माल के नुकसान को रोकना और आग पर प्रभावी ढंग से काबू पाना रहा। सोमवार को फायर स्टेशन को सूचना मिली कि फैक्ट्री के एक हिस्से में भीषण आग लग गई है। सूचना के अनुसार फर्निश लीकेज होने से आग लगी। लीकेज की चपेट में आने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सायरन बजाती हुई तत्काल मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने घायल को सुरक्षित बाहर निकाला।

# मंत्री जोशी ने मृतक ब्रिगेडियर के परिजनों को बंधाया ढांढस

**- संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने और आवश्यक स्थानों पर पिकेट लगाने के निर्देश**

देहरादून(आरएनएस)। मसूरी रोड स्थित मालसी क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की मृत्यु पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।मंत्री घटना के बाद मैक्स अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरोपियों के खिलाफ शीघ्र और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मालसी जोहड़ी गांव जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने और आवश्यक स्थानों पर पिकेट लगाने के निर्देश भी दिए।मालसी क्षेत्र में दो कार सवारों के बीच वाहन को पास देने को लेकर विवाद हो गया था।इस दौरान एक कार सवार ने दूसरी कार को रोकने के उद्देश्य से टायर पर फायरिंग की, लेकिन गोली दुर्घटनावश मॉर्निंग वॉक कर रहे सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मुकेश जोशी को लग गई, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।पूर्व ब्रिगेडियर पीएस गुरंग के निधन पर भी जताया शोकमंत्री गणेश जोशी ने गढ़ी कैंट में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर पीएस गुरंग (वाईएसएम) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मंत्री गढ़ी कैंट पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि ब्रिगेडियर गुरंग ने देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे सदैव याद रखा जाएगा।



स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com